उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, माननीय सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर ।

प्रश्न		**उत्तर**
2(क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि प्रश्न कर्ता का पत्र दिनांक 15.10.2024 जो आपको संबोधित जनपद हरदोई, तहसील-बिलग्राम, वि0ख0- माधौगंज के ग्राम समुखा में देव स्थान शंकर जी के मंदिर हेतु मूलभूत पर्यटक सुविधायें उपलब्ध कराए जाने विषयक था, प्राप्त हुआ है ?		जी, हाँ ।
(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा उक्त पर क्या कार्यवाही की गई ?		उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु निम्नवत है :- प्रश्नगत स्थल पर जनहित की सुविधाओं जैसे- बैठने हेतु बेन्च, रात्रि विश्राम हेतु शेड एवं टाइल्स, पेयजल हेतु पानी की टंकी, प्रकाश हेतु लाइट आदि की समुचित सुविधायें मुहैया कराने एवं पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कराने की अपेक्षा की गयी है । प्रश्नगत स्थल के पर्यटन विकास हेतु आगणन गठित किये जाने के लिए पत्रांक-177/जि0यो0-आगणन/2025 दिनांक 06.02.2025 द्वारा निर्देशित किया गया है ।
(ग) क्या देव स्थान शंकर जी में पर्यटकों को मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध कराए जाने हेतु सर्वे जिला स्तर पर कराया गया है ?		उपरोक्तानुसार
(घ) यदि हाँ, तो क्या -क्या कार्य कराये जाने हैं तथा उन पर कितना धन आगणनानुसार व्यय होना है ?		उपरोक्तानुसार
(ड.) जनहित में उक्त प्राचीन देव स्थान शंकर जी के मंदिर में मूलभूत पर्यटक सुविधायें उपलब्ध कराए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान कर कब तक पूर्ण करायेंगे ?		उपरोक्तानुसार

जयवीर सिंह
मंत्री ।